उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र, राया के पुलिसकर्मी भी सम्मानित।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा महत्वपूर्ण आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जारी सूची में राया थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के नाम भी शामिल हैं।प्रशस्ति पत्र की सूची में उपनिरीक्षक इंतजार अली, उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह, उपनिरीक्षक नितिन त्यागी, मुख्य आरक्षी 1474 संदीप कुमार तथा आरक्षी 2253 नितिन मालिक के नाम शामिल हैं। पुलिसकर्मियों द्वारा टीम के साथ मिलकर पशु चोरी के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा चोरी किए गए पशुओं की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।वहीं, हाईवे थाना पुलिस टीम द्वारा करीब पांच माह के बच्चे के अपहरण की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कराने में किए गए सराहनीय कार्य का भी प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया है।इसके अलावा 18 और 19 सितंबर को बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध राधाष्टमी मेले एवं शिवपुराण कथा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की सराहना की गई।

एक नज़र में

नगर निगम प्रशासन द्वारा विकास कार्य में अनुसूचित जाति क्षेत्रों की अनदेखी से आक्रोश व्याप्त।

अलीगढ़ : हरदुआगंज तापीय परियोजनाप्लांट डिस्पेंसरी में लगा निशुल्क हड्डी व कैंसर जांच परामर्श शिविर।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

नगर निगम प्रशासन द्वारा विकास कार्य में अनुसूचित जाति क्षेत्रों की अनदेखी से आक्रोश व्याप्त।



संवाददाता खुशांत गुप्ता अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा के अध्यक्ष Lukesh कुमार राही द्वारा वार्ड नंबर 20 ,30 एवं 16 व अन्य वार्डों में अनुसूचित जाति के क्षेत्र मैं व्याप्त गंदगी का अंबार प्रकाश व्यवस्था जल भराव से निजात और नाली निर्माण व गली में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य पिछले 9 साल से नहीं हुए हैं पेयजल की भारी कमी वार्ड नंबर 16 में व्याप्त है गलियों में अंधेरा है समस्या के निदान हेतु आज जनसुनवाई के दौरान नगर निगम अधिकारियों को अवगत कराया और शीघ्र निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की इस दौरान लोकेश कुमार राही शक्तिपाल शायर राज गब्बर श्रीमती राखी विकास बाबू सुमित कुमार सागर सिंह गौरव कुमार चंदन सिंह भोला कर्दम आदि मौजूद रहे।

खेल

अलीगढ़ : हरदुआगंज तापीय परियोजनाप्लांट डिस्पेंसरी में लगा निशुल्क हड्डी व कैंसर जांच परामर्श शिविर।



सह संपादक अशोक नेताजी दिनांक 6.10.2026 सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना के प्लांट डिस्पेंसरी में नि:शुल्क अस्थि व कैंसर संबंधित स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन मैक्स हॉस्पिटल वैशाली गाजियाबाद की स्वास्थ्य टीम के सहयोग से किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अमिताभ आनंद ने फीता काटकर किया तथा अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहम्मद दानिश तथा मुख कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर सुप्रिया वाधवा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया।शिविर के आरंभ में डॉक्टर सुप्रिया वाधवा ने तंबाकू चबाने तथा धूम्रपान करने से होने वाले कैंसर तथा उससे बचाव पर अतिथि व्याख्यान दिया तथा इस हेतु परियोजना महाप्रबंधक ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।